भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या :3029**

दिनांक 16 दिसम्बर, 2021/25 अग्रहायण,1943 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**विमानपत्तनों पर अवसंरचनात्मक सुविधाएं**

**3029. डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**

**डॉ. डी.एन.वी.सेंथिलकुमार एस:**

**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**

**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**

**श्री कुलदीप राय शर्मा:**

**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के प्रमुख विमानपत्तनों पर यात्रियों और माल ढुलाई की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त अवसरंचनात्मक सुविधाएं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश के विभिन्न विमानपत्तनों पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा आरंभ किए गए और पूर्ण किए गए प्रमुख इंजीनियरिंग अवसंरचना कार्यों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) गत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) शुरू करने के लिए उन्नत/पुनर्जीवित किए गए विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है;

(घ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान एएआई द्वारा निजी कंपनियों को दिए गए विमानपत्तनों की संख्या का ब्यौरा क्या है तथा निजी कंपनियों को विमानपत्तनों को देने के लिए निर्धारित मानदंड क्या है;

(ड.) क्या सरकार का घरेलू उड़ानों को वहनीय बनाने और अधिकतम शहरों को महानगरों से जोड़ने के लिए कोई कदम उठाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा विमानपत्तनों के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं तथा यात्रियों को क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जाएंगी?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))**

(क): प्रमुख हवाईअड्डों पर वर्तमान अवसंरचना मौटे तौर पर, यात्रियों और मालभाड़ा, दोनों की दृष्टि से यातयात मांग पूरा करने के लिए पर्याप्त है। हवाईअड्डा अवसंरचना का स्तरोन्नयन

एक सतत प्रक्रिया है जिसे यात्री अवागमन, प्रचालात्मक अपेक्षाओं, भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा समय समय पर संपन्न किया जाना है।

(ख): पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान, देशभर के विभिन्न हवाईअड्डों पर, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा पूरे किए गए प्रमुख इंजीनियरिंग अवसंरचना कार्यों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार सूची अनुबंध-'क' पर है।

(ग): क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के अंतर्गत 65 हवाईअड्डों, 2 वॉटर एयरोड्रोमों और 6 हेलीपोर्टों का प्रचालनीकरण किया जा चुका है। पिछले पांच वर्ष और चालू वर्ष के दौरान प्रचालनीकृत किए गए इन हवाईअड्डों/हेलीपोर्टों/वॉटर एयरोड्रोमों की वर्षवार सूची अनुबंध - 'ख' पर है।

(घ): एएआई द्वारा पिछले तीन वर्ष के दौरान, कर्नाटक में मेंगलुरू, उत्तर प्रदेश में लखनऊ, गुजरात में अहमदाबाद, असम में गुवाहाटी, राजस्थान में जयपुर और केरल में तिरुवनंतपुरम नामक छह हवाईअड्डों सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत प्रचालन, प्रबंधन और विकास के लिए सौंपे जा चुके हैं। रियायतग्राहियों का चयन, बोलीदाताओं की तकनीकी और वित्तीय क्षमता का मूल्यांकन करने के बाद, अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है।

(ड.): नागर विमानन मंत्रालय ने देश में अपरिचालित और अल्प परिचालित हवाईअड्डों से क्षेत्रीय हवाई सम्पर्कता को बढ़ावा देने और हवाई यात्रा को आमजन के लिए वहनीय बनाने के लिए 21-10-2016 को आरसीएस - उड़ान योजना आरंभ की है। आरसीएस-उड़ान' के अंतर्गत, देश भर में 948 वैध मार्ग अवार्ड किए जा चुके हैं। इनमें से, 65 अपरिचालित और अल्प परिचालित हवाईअड्डों को जोड़ने वाले 403 मार्ग प्रचालनीकृत किए जा चुके हैं।

(च): एएआई ने वित्तीय 2019-20 से 2024-25 के दौरान मौजूदा टर्मिनलों के विस्तार और नवीकरण, नए टर्मिनलों के निर्माण, मौजूदा रनवे, एप्रनों, हवाईअड्डा दिक्चालन सेवाओं (एएनएस), कंट्रोल टॉवरों, तकनीकी ब्लॉकों आदि के विस्तार या सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 25,000 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय करने के लिए एक विकास कार्यक्रम हाथ में लिया है। देश भर में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से नए हवाईअड्डों के विकास और मौजूदा हवाईअड्डों के विस्तार के लिए, गैर सरकारी निकायों के माध्यम से लगभग 65,000 करोड़ रुपए के निवेश की योजना बनाई गई है।

अनुलग्नक - क

16.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा लिखित प्रश्न सं. 3029 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा हवाई अड्डों पर पूरे किए गए प्रमुख अवसंरचना कार्य**

| **वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान पूर्ण किए गए प्रमुख कार्य** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **हवाई अड्डा** | **पूर्ण किए गए कार्य** |
| 1 | असम | लीलाबारी | मौजूदा बिटुमिनस रनवे 04/22 की री कारपेटिंग और संबद्ध कार्य |
| 2 | असम | गुवाहाटी | कॉमन यूजर डोमेस्टिक कार्गो टर्मिनल (सीयूडीसीटी) फेज-II (सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्य) का निर्माण। |
| 3 | बिहार | दरभंगा | सिविल एन्क्लेव दरभंगा हवाई अड्डे पर अंतरिम टर्मिनल भवन का निर्माण। |
| 4 | छत्तीसगढ़ | रायपुर | एटीसी सह तकनीकी ब्लॉक का निर्माण। |
| 5 | गुजरात | अहमदाबाद | घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय टी बी के लिए एप्रन का निर्माण। |
| 6 | जहरखंड | बोकारो | विस्तार योग्य कम लागत वाली टर्मिनल बिल्डिंग, कंट्रोल टॉवर, ईएसएस बिल्डिंग और वॉच टावर्स का निर्माण। |
| 7 | झारखंड | रांची | बीएम हवाई अड्डे, रांची में तकनीकी ब्लॉक और एटीसी टावर का निर्माण। |
| 8 | केरल | तिरुवनंतपुरम | एनआईटीबी के पास अतिरिक्त एप्रन और जीएसई क्षेत्र का निर्माण। |
| 9 | मध्य प्रदेश | खजुराहो | खजुराहो हवाई अड्डे पर मौजूदा रनवे की री-कार्पेटिंग। |
| 10 | मणिपुर | इंफाल | इंफाल हवाई अड्डे पर ई एंड एम कार्यशाला का निर्माण। (चरण- I और II)। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | मेघालय | बारापानी | नई अधिग्रहीत भूमि की चारदीवारी के शेष भाग का निर्माण। |
| 12 | मेघालय | बारापानी | नए एटीसी टावर सह फायर स्टेशन का निर्माण। |
| 13 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 5 कोड 4C प्रकार के विमान के लिए एप्रन का निर्माण |
| 14 | राजस्थान Rajasthan | जयपुर | जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मौजूदा रनवे 09-27 का ग्रेड सुधार। |
| 15 | | | जयपुर हवाई अड्डे पर कार्गो भवन का निर्माण। |
| 16 | तमिलनाडु | पुडुचेरी | पुडुचेरी हवाई अड्डे, पुडुचेरी में नए एटीसी टॉवर सह तकनीकी ब्लॉक सह फायर स्टेशन का निर्माण। |
| 17 | तमिलनाडु | चेन्नई | चेन्नई हवाई अड्डे पर रनवे 12-30 को जोड़ने वाले 'R' & 'N' टैक्सी ट्रैक के बचे हुए भाग का निर्माण। |
| 18 | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला में बुनियादी ढांचे का उन्नयन।<br>उपशीर्ष: बाउंड्री वॉल, प्रॉपर्टी वॉल, वॉच टावर्स, पेरीमीटर रोड और स्टॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण |
| 19 | | | आरईएसए का निर्माण। |
| 20 | उत्तर प्रदेश | फुरसतगंज | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी, फुरसतगंज में रनवे, टैक्सीवे की री-कारपेटिंग और अन्य संबद्ध कार्य |
| 21 | उत्तराखंड | देहरादून | अतिरिक्त पार्किंग बे का निर्माण। |

| **वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान पूर्ण किए गए प्रमुख कार्य** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **हवाई अड्डा** | **पूर्ण किए गए कार्य** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा | विजयवाड़ा हवाई अड्डे पर रनवे का विस्तार और सुदृढ़ीकरण। |
| 2 | आंध्र प्रदेश | कडपा | ए 320 (कैटेगरी सी) प्रकार के विमान के लिए अतिरिक्त पार्किंग बे का निर्माण। |
| 3 | असम | डिब्रूगढ़ | डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर रनवे का विस्तार, आइसोलेशन बे, लिंक टैक्सीवे का निर्माण और संबद्ध कार्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | असम | रूपसी | रूपसी हवाई अड्डे पर कार पार्क, आरईएसए, एप्रोच रोड, चारदीवारी सहित रनवे, टैक्सीवे, एप्रन का सुदृढ़ीकरण और री-कारपेटिंग और संबद्ध कार्य। |
| 5 | | | रूपसी हवाई अड्डे, असम (रि-कॉल) में आरसीएस संचालन के लिए प्री-फैब पोर्टा केबिन टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टॉवर, सुरक्षा बट का प्रावधान और अन्य संबद्ध कार्य । |
| 6 | असम | गुवाहाटी | सामुदायिक केंद्र का निर्माण। |
| 7 | गोवा | गोवा | डाबोलिम हवाई अड्डे पर समानांतर टैक्सी ट्रैक का निर्माण और संबंधित सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्य । |
| 8 | कर्नाटक | मंगलुरु | मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एप्रन का पूर्वी सूड की ओर विस्तार। |
| 9 | महाराष्ट्र: | कोल्हापुर | कोल्हापुर हवाई अड्डे पर कंपाउंड दीवार का निर्माण |
| 10 | मणिपुर | इम्फाल | रनवे का सुदृढ़ीकरण और री-करपेटिंग और टैक्सीवे पर बड़ा मरम्मत कार्य। |
| 11 | | | टर्मिनल बल्ड के सामने कैनोपी का प्रावधान। और संबंधित कार्य। |
| 12 | पंजाब | अमृतसर | एसजीआरडीजे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टर्मिनल बिल्डिंग की पहली मंजिल पर आंतरिक कार्य। |
| 13 | राजस्थान | जयपुर | जयपुर इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर मौजूदा टर्मिनल भवन का विस्तार/नवीकरण। |
| 14 | राजस्थान | उदयपुर | एप्रन, , लिंक टैक्सी का निर्माण और आइसोलेशन बे का विस्तार। |
| 15 | तमिलनाडु | चेन्नई | चेन्नई हवाई अड्डे पर नए सरेमोनियल लाउंज का निर्माण। |
| 16 | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला हवाई अड्डे, त्रिपुरा में नई आइसोलेशन बे और संबद्ध लिंक टैक्सी ट्रैक का निर्माण। |
| 17 | | | सीआईएसएफ बैरक, क्वार्टर गार्ड आदि का निर्माण |
| 18 | उत्तर प्रदेश | गोरखपुर | गोरखपुर में नयए यात्री टर्मिनल भवन (चरण- I और II) का निर्माण। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | उत्तर प्रदेश | इलाहाबाद | न्यू सिविल एन्क्लेव का विकास (डिजाइन और निर्माण)। |
| 20 | उत्तर प्रदेश | बरेली | बरेली में सिविल एन्क्लेव का विकास।<br>उपशीर्ष: एप्रन, टैक्सी ट्रैक का निर्माण और संबद्ध कार्य। |
| 21 | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद | प्री-इंजीनियर्ड एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण और संबंधित कार्य।<br>हिंडन ऑन डिज़ाइन एंड बिल्ड बेसिस |
| 22 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | सीसीएसआई हवाई अड्डे-लखनऊ में ए330-200 प्रकार के विमानों की पार्किंग के लिए मौजूदा आइसोलेशन बे का विस्तार। |

**वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान पूर्ण किए गए प्रमुख कार्य**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **हवाई अड्डा** | **पूर्ण किए गए कार्य** |
|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | तेजु | तेजू हवाई अड्डा, अरुणाचल प्रदेश प्रचालनीकरण/ उन्नयन, एसएच: मुख्य टर्मिनल भवन, एटीसी सह तकनीकी ब्लॉक, फायर स्टेशन, सीसीआर हॉल, आरसीसी भूमिगत पानी की टंकी, पंप हाउस आदि (शेष कार्य) जैसी सहायक संरचनाएं। |
| 2 | असम | गुवाहाटी | मौजूदा टर्मिनल भवन का नवीकरण। |
| 3 | | | अधिगृहित भूमि के चारों ओर चार दीवारी का निर्माण। |
| 4 | | | 20 साइड आई/सी वन टैक्सी वे पर रनवे का सुदृढ़ीकरण और विस्तार और अन्य संबंधी कार्य। |
| 5 | दिल्ली | दिल्ली | भारतीय विमानन अकादमी और छात्रावास ब्लॉक का निर्माण। |
| 6 | | | केंद्रीय हवाई यातायात प्रवाह प्रबंधन का निर्माण |
| 7 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू | भारत के विभिन्न हवाई अड्डों पर 07 एप्रन ड्राइव पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज (पीबीबी) और एडवांस विजुअल डॉकिंग गाइडेंस सिस्टम (एवीडीजी) का प्रावधान। |
| 8 | मणिपुर | इम्फाल | एनएच 150 के साथ पैरीमीटर दीवार का स्थानांतरण और |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | निर्माण। |
| 9 | | | एएसआर/एमएसएसआर भवन एवं फायर स्टेशन का निर्माण। |
| 10 | पंजाब | अमृतसर | श्रेणी-II से श्रेणी-III तक विस्तार/सुदृढ़ीकरण। |
| 11 | राजस्थान | जयपुर | नाले पर कवर प्रदान करना। |
| 12 | राजस्थान | उदयपुर | ड्रेन का निर्माण और बेसिक स्ट्रिप की ग्रेडिंग। |
| 13 | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला हवाई अड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन एप्रन, टैक्सी ट्रैक का निर्माण और संबद्ध कार्य।<br>(बी) एसएच अगरतला हवाई अड्डे पर एप्रन, टैक्सी ट्रैक का निर्माण |
| 14 | उत्तर प्रदेश | गोरखपुर इग्नुआ (फुरसतगंज) | राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय का निर्माण।<br>उपशीर्षः शैक्षणिक ब्लॉक, छात्रावास, सबस्टेशन भवन का निर्माण और अन्य संबद्ध कार्य। |
| 15 | | | सीनियर फैकल्टी, जूनियर फैकल्टी और सीनियर एग्जीक्यूटिव हाउसिंग का निर्माण और अन्य संबद्ध कार्य । |
| 16 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | सीसीएसआई हवाई अड्डे पर रनवे की री-कारपेटिंग। |

अनुलग्नक -ख

16.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा लिखित प्रश्न सं. 3029 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

**29.11.2021 की स्थिति के अनुसार परिचालित आरसीएस हवाई अड्डों/हेलीपोर्टों/वाटर एयरोड्रोम की सूची**

| क्रमांक | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | हवाई अड्डा | प्रचालनीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | कडपा | 27-अप्रैल-17 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | शिमला | 27-अप्रैल-17 |
| 3 | महाराष्ट्र | नांदेड़ | 27-अप्रैल-17 |
| 4 | पंजाब | भटिंडा | 27-अप्रैल-17 |
| 5 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | 31-मई-17 |
| 6 | गुजरात | कांडला | 1-जुलाई-17 |
| 7 | गुजरात | पोरबंदर | 10-जुलाई-17 |
| 8 | पांडिचेरी (यूटी) | पांडिचेरी | 16-अगस्त-17 |
| 9 | कर्नाटक | मैसूर | 2-सितंबर-17 |
| 10 | पंजाब | लुधियाना | 2-सितंबर-17 |
| 11 | कर्नाटक | विद्यानगर | 21-सितंबर-17 |
| 12 | राजस्थान | बीकानेर | 26-सितंबर-17 |
| 13 | राजस्थान | जैसलमेर | 29-अक्टूबर-17 |
| 14 | उत्तर प्रदेश | आगरा | 8-दिसंबर-17 |
| 15 | महाराष्ट्र | जलगांव | 23-दिसंबर-17 |
| 16 | महाराष्ट्र | ओजर (नासिक) | 23-दिसंबर-17 |
| 17 | गुजरात | जामनगर | 17-फरवरी-18 |
| 18 | गुजरात | मुंद्रा | 17-फरवरी-18 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | दमन और दीव | दीव | 24-फरवरी-18 |
| 20 | तमिलनाडु | सलेम | 25-मार्च-18 |
| 21 | पंजाब | पठानकोट | 5-अप्रैल-18 |
| 22 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर | 8-अप्रैल-18 |
| 23 | असम | तेजपुर | 26-अप्रैल-18 |
| 24 | मेघालय | शिलांग | 26-अप्रैल-18 |
| 25 | गुजरात | भावनगर | 1-मई-18 |
| 26 | पंजाब | आदमपुर | 1-मई-18 |
| 27 | कर्नाटक | हुबली | 14-मई-18 |
| 28 | छत्तीसगढ | जगदलपुर | 14-जून-18 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | इलाहाबाद | 14-जून-18 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | कानपुर (चकेरी) | 3-जुलाई-18 |
| 31 | असम | जोरहाट | 1-अगस्त-18 |
| 32 | उड़ीसा | झारसुगुडा | 22-सितंबर-18 |
| 33 | सिक्किम | पाक्योंग | 4-अक्टूबर-18 |
| 34 | राजस्थान | किशनगढ़ | 8-अक्टूबर-18 |
| 35 | उत्तराखंड | पंतनगर | 4-जनवरी-19 |
| 36 | असम | लीलाबारी | 15-जनवरी-19 |
| 37 | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | 17-जनवरी-19 |
| 38 | केरल | कन्नूर | 25-जनवरी-19 |
| 39 | कर्नाटक | बेलगाम | 1-मई-19 |
| 40 | हिमाचल प्रदेश | कुल्लू | 13-मई-19 |
| 41 | पश्चिम बंगाल | दुर्गापुर | 25-जून-19 |
| 42 | उत्तर प्रदेश | हिंडोन | 11-अक्टूबर-19 |
| 43 | कर्नाटक | कलबुर्गी (गुलबर्गा) | 22-नवंबर-19 |
| 44 | नगालैंड | दीमापुर | 7-दिसंबर-19 |
| 45 | कर्नाटक | बीदार | 7-फरवरी-20 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 46 | उत्तराखंड | सहस्त्रधारा - हेलीपोर्ट | 8-फरवरी-20 |
| 47 | उत्तराखंड | चिन्यालीसौर-हेलीपोर्ट | 8-फरवरी-20 |
| 48 | उत्तराखंड | गोचर-हेलीपोर्ट | 8-फरवरी-20 |
| 49 | उत्तराखंड | नई टिहरी-हेलीपोर्ट | 29-जुलाई-20 |
| 50 | उत्तराखंड | श्रीनगर-हेलीपोर्ट | 29-जुलाई-20 |
| 51 | गुजरात | स्टेच्यू ऑफ यूनिटी-वाटर एयरोड्रोम | 31-अक्टूबर-20 |
| 52 | गुजरात | साबरमती रिवर फ्रंट - वाटर एयोरड्रोम | 31-अक्टूबर-20 |
| 53 | बिहार | दरभंगा | 8-नवंबर-20 |
| 54 | हरियाणा | हिसार | 14-जनवरी-21 |
| 55 | छत्तीसगढ़ | बिलासपुर | 1-मार्च-21 |
| 56 | उतार प्रदेश | बरेली | 8-मार्च-21 |
| 57 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल हवाई अड्डा | 28-मार्च-21 |
| 58 | असम | रूपसी | 8-मई-21 |
| 59 | अरुणाचल प्रदेश | पासीघाट | 24-मई-21 |
| 60 | अरुणाचल प्रदेश | तेजु | 15-अगस्त-21 |
| 61 | उत्तराखंड | हल्द्वानी - हेलीपोर्ट | 8-अक्टूबर-21 |
| 62 | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग | 9-अक्टूबर-21 |
| 63 | उतार प्रदेश | कुशीनगर | 26-नवंबर-21 |
| 64 | हिमाचल प्रदेश | मंडी - हेलीपोर्ट | 9-दिसंबर-21 |
| 65 | हिमाचल प्रदेश | रामपुर - हेलीपोर्ट | 14-दिसंबर-21 |